सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 355 | इंदौर, गुरुवार 10 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




।। हमारो प्रणाम ।।

- गुरुपूर्णिमा
- व्यासपूर्णिमा
- आषाढ़ीपूर्णिमा

## मध्य प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र में ई-विधान नहीं होगा लागू

### अब अगले सत्र तक टला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में ई-विधान प्रणाली लागू नहीं हो पाएगी। विधानसभा सचिवालय ने इस सत्र में कार्यवाही को पेपरलेस करने के लिए ई-विधान योजना को लागू करने की तैयारी की थी, लेकिन एनआईसी (NIC) द्वारा टैबलेट की खरीद न हो पाने के कारण इसे शीतकालीन सत्र के लिए टाल दिया गया है। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि मानसून सत्र में विधायकों को ऑनलाइन कार्य प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से नई प्रणाली लागू हो जाएगी, इसलिए विधायकों को इसके उपयोग की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी ताकि विधायकों को किसी तरह की परेशानी न हो। ई-विधान लागू होने के बाद विधानसभा में स्पीकर, मुख्यमंत्री और विधायकों की सीटों के सामने टैबलेट लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से वे सदन से संबंधित दस्तावेज देख सकेंगे। केंद्रीय सरकार की इस योजना को लागू करने के लिए विधानसभा ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं, लेकिन अभी तक नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (NIC) द्वारा टैबलेट की खरीद नहीं हो सकी है।

# सीएम डॉ. यादव का जोधपुर में उद्यमियों से संवाद

## निवेश के लिए मध्यप्रदेश आने का दिया न्यौता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राजस्थान के जोधपुर प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फर्नीचर, टिंबर और होटल व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों से मुलाकात कर उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश की असीम संभावनाएं हैं और यहां की समृद्ध वन संपदा, विशेष रूप से सागौन के जंगल, फर्नीचर उद्योग को नई ऊंचाई दे सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण और संसाधनों की भरमार है। हम चाहते हैं कि राजस्थान और मध्यप्रदेश मिलकर इस क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करें।"**


### नई औद्योगिक नीतियों से बदलेगा उद्योगों का परिदृश्य

मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के दौरान 18 नवीन औद्योगिक नीतियों की घोषणा की गई है। इन नीतियों में निवेशकों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन, रियायती भूमि आवंटन, टैक्स में छूट और तेज़ी से अनुमोदन की प्रक्रिया शामिल है। उन्होंने कहा कि देशभर के उद्यमी इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। डॉ. यादव ने यह भी बताया कि मध्यप्रदेश में निजी क्षेत्र को चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पहले जहां राज्य में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे, अब इनकी संख्या बढ़कर 36 हो गई है और अगले दो वर्षों में यह संख्या 50 पार करने की ओर है।



### 'मध्यप्रदेश आएं, उद्योग लगाएं, प्रगति पाएं'

मुख्यमंत्री ने उपस्थित उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वे मध्यप्रदेश में अपने उद्योग स्थापित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार हर स्तर पर उनका सहयोग करेगी। उन्होंने 'उद्योग और रोजगार वर्ष 2025' के अंतर्गत अब तक आयोजित विभिन्न कॉन्क्लेव, रोड शो और निवेशकों के साथ हुई चर्चाओं की जानकारी भी साझा की। इस मौके पर राजस्थान के कई उद्यमियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष सुझाव भी रखे और मध्यप्रदेश में संभावित निवेश पर रुचि व्यक्त की।



शहरी विकास के ब्लू प्रिंट पर होगा मंथन

# सीएम यादव करेंगे रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री एवं टूरिज्म सेक्टर के निवेशकों से संवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 जुलाई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, रियल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के निवेशकों से संवाद करेंगे। इस उच्चस्तरीय आयोजन में देशभर के संबंधित सेक्टर्स के निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कॉन्क्लेव में देशभर से 1500 से अधिक उद्योगपति, रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और टूरिज्म सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि, निवेशक आदि शामिल होंगे।

इंदौर में आयोजित हो रहे इस आयोजन के दौरान एक भव्य प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आयोजन में क्रेडाई, होटल इंडस्ट्री, टूरिज्म, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, मेट्रो, हुडको, एलआईसी, हाउसिंग बोर्ड आदि की व्यापक भागीदारी रहेगी। प्रदर्शनी में इनसे संबंधित योजनाएं व प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जाएंगे। यह कॉन्क्लेव प्रदेश में शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आयोजन से इंदौर और मध्यप्रदेश को निवेश का नया आयाम मिलेगा। प्रदेश में विकास और निवेश शहरी परिवहन (मेट्रो, ई-बस,



मल्टीमॉडल हब), किफायती आवास, स्लम पुनर्विकास, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जलापूर्ति, सीवेज नेटवर्क, झील संरक्षण, डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस, भवन स्वीकृति प्रणाली और स्वच्छ ऊर्जा, हरित भवन, रिन्यूएबल इनफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। निवेशक इन क्षेत्रों में निवेश कर भविष्य में होने वाले लाभ के सहभागी हो सकते हैं। प्रदेश में हाउसिंग सेक्टर में निवेश की अच्छी संभावना है। अफोर्डेबल हाउसिंग में 8 लाख 32 हजार से अधिक किफायती आवास तैयार किए जा चुके है। प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किये जा रहे है। इनमें 50 हजार करोड़ रूपए का निवेश होगा। रियल एस्टेट की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में मानव संसाधन की गुणवत्तापूर्ण वर्क फोर्स उपलब्ध है। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 6 हजार किलोमीटर सड़क, 80 प्रतिशत शहरी क्षेत्र में पाइपलाइन वाटर सप्लाई कवरेज की सुविधा और शत प्रतिशत शहरी क्षेत्र सीवरेज सिस्टम उपलब्ध है। नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय निकायों में 23 सेवाएं ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई गई है। नगरीय निकायों में सेंट्रलाइज पोर्टल के माध्यम से मंजूरी दी जा रही है।

## डिप्टी डायरेक्टर ने टीवी निश्चय शिविर का निरीक्षण किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सेंट्रल टीवी डिविजन नई दिल्ली स्वास्थ्य मंत्रालय से डिप्टी डायरेक्टर जनरल डॉ. रघुराम राव एवं टीम द्वारा इंदौर जिले में चल रहे टीवी निश्चय शिविर का निरीक्षण किया गया। टीम का स्वागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कार्यालय में किया गया। इंदौर जिले में चल रहे टीवी कार्यक्रम से डॉक्टर रघुराम राव संतुष्ट हुए। उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी से मुलाकात के दौरान प्रदान किए। इसके उपरांत डॉ. रघुराम राव द्वारा पीएससी एवं सीएससी में हेल्थ स्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसनी द्वारा बताया गया कि दल इंदौर जिले में चल रहे सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति से संतुष्ट हुए।

## 5 साल में पैदा हुए बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु दस्तक अभियान

### घर-घर जाकर होगी जांच, लाखों होंगे लाभान्वित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वास्थ्य विभाग इंदौर में हाल ही में जन्मे नवजातों से लेकर पिछले 5 साल में पैदा हुए बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु दस्तक अभियान प्रारंभ करने जा रहा है। यह अभियान 22 जुलाई से शुरू होकर 16 सितंबर तक जिलेभर में चलेगा। टीकाकरण अधिकारी के अनुसार, इंदौर जिले में ऐसे बच्चों की संख्या 4 लाख से अधिक है, जिनका इस अभियान के तहत स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।**

जिला टीकाकरण अधिकारी तरुण गुप्ता ने जानकारी दी कि यह अभियान न सिर्फ इंदौर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में संचालित किया जाएगा। सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को



नवजात एवं 5 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों की विशेष रूप से हिमोग्लोबिन सहित कई तरह की बाल रोगों से संबंधित जांच की जाएगी। साथ ही बच्चों की माताओं को डायरिया और अन्य बीमारियों के लक्षणों की पहचान और बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। टीकाकरण अधिकारी के अनुसार, जो बच्चे किसी कारणवश टीकाकरण केंद्र या आंगनवाड़ी तक नहीं पहुंच पाते, उनके लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर जांच करती हैं। यह व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि कोई भी बच्चा जांच और उपचार से वंचित न रह जाए। अभियान के अंतर्गत 5 साल तक की उम्र के सभी बच्चों को शामिल किया जाएगा। यह दस्तक अभियान स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से संचालित किया जा रहा है। इसमें एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से भाग लेती हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बीमारियों की समय पर पहचान कर उनका इलाज करना और बाल मृत्यु दर को प्रभावी रूप से कम करना है।

## इंदौर में फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' का विरोध...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहरकाजी के साथ मुस्लिम समाज का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर ऑफिस पहुंचा। यहां उन्होंने आने वाली फिल्म उदयपुर फाइल्स को लेकर अपना विरोध जताया और कलेक्टर आशीष सिंह को ज्ञापन सौंपा।**

शहर के मुसलमानों की ओर से अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन जामा मस्जिद शहर इंदौर से यह ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में उदयपुर फाइल्स नामक फिल्म के ट्रेलर में प्रयुक्त आपत्तिजनक सामग्री के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है। यह सामग्री पैगम्बर के प्रति आपत्तिजनक शब्दों, इस्लाम धर्म के गलत चित्रण और इस्लामी धार्मिक नेताओं के अपमानजनक प्रदर्शन से संबंधित है। फिल्म के ट्रेलर में पैगंबर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई है, जो करोड़ों मुसलमानों का आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचाती है। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं, बल्कि नफरत और वैमनस्य फैलाने की कोशिश है, जो भारत की धर्मनिरपेक्षता और धार्मिक सहिष्णुता की भावना का उल्लंघन करता है। उदयपुर फाइल्स के प्रदर्शन पर तत्काल रोक लगाई जाने और फिल्म निर्माताओं और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।



### शहरकाजी डॉ. इशरत अली बोले-

उदयपुर फाइल्स नाम से फिल्म आने वाली है। उसमें हमारे पैगम्बर साहब के लिए, इस्लाम के लिए गलत कहा है, इसके विरोध में हम कलेक्टर को ज्ञापन देने आए थे। कलेक्टर ने मामले में आश्वासन दिया है।

### कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा-

शहरकाजी के साथ में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन संस्था ने आने वाली फिल्म उदयपुर फाइल्स को लेकर ज्ञापन दिया है। जिसमें कहा है कि आपत्तिजनक चीजें समाज से संबंधित है। इस ज्ञापन को उचित जगह फॉरवर्ड किया जाएगा। इधर, मुफ्तिये आजम मालवा मुहम्मद नूरुल हक नूरी ने कहा कि फिल्म में गलत अल्फाज इस्तेमाल किए गए हैं। फिल्म और जिन लोगों ने ऐसा किया है उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

## दूध वाहन अनियंत्रित होकर पलटा, लिफ्ट लेकर जा रहे युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर-धार रोड पर मंगलवार को एक दूध वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में राजपुरा निवासी 35 वर्षीय युवक अजय चौधरी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को यूनियन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। हादसा बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम माचल के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक, हादसे के समय दूध वाहन धार से इंदौर की ओर जा रहा था। रास्ते में ग्राम माचल के पास वाहन का टायर अचानक फट गया और वाहन पलट गया। वाहन में सवार तीनों लोग घायल हो गए। इन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मंगलवार रात अजय चौधरी ने दम तोड़ दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि अजय और उसके दो साथी लोकेश और प्रकाश दूध वाहन में दूध लेकर इंदौर आ रहे थे। तीनों बेटमा के पास राजपुरा से निकले थे। अजय खेती के साथ पशु पालन का काम करता है। उसके परिवार में पत्नी, माता-पिता और भाई हैं। बेटमा पुलिस का कहना है कि घायल व्यक्तियों के बयान के बाद दुर्घटना की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। हादसे को लेकर जांच जारी है।



# बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 31 वाहनों का पंजीयन होगा निरस्त

## वाहन मालिकों को भेजे गए नोटिस

### कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग ने कार्रवाई प्रारंभ की

| क्र.सं. | वाहन संख्या | चालान गिनती | अपराध |
|---|---|---|---|
| 1 | एमपी 09 सीएन 0875 | 21 | रेड लाइट जू म्पिंग |
| 2 | एमपी 09टी4660 | 17 | रेड लाइट जू म्पिंग |
| 3 | एमपी 09टी4873 | 15 | रेड लाइट जंपिग |
| 4 | एमपी 09टी6782 | 15 | रेड लाइट जंपिग |
| 5 | एमपी 09 बीजी 1168 | 14 | ट्रिपल राइडिंग |
| 6 | एमपी 09 सीजे 4065 | 13 | रेड लाइट जंपिग |
| 7 | एमपी 09 जेडआर 8401 | 13 | रेड लाइट जंपिग |
| 8 | एमपी 09डीएफ 3562 | 13 | ट्रिपल राइडिंग |
| 9 | एमपी 09टीए9270 | 12 | रेड लाइट जंपिग |
| 10 | एमपी 09 एमटी 9850 | 12 | ट्रिपल राइडिंग |
| 11 | एमपी 09यूडब्ल्यू 7739 | 12 | ट्रिपल राइडिंग |
| 12 | एमपी 09डीएफ 7875 | 12 | रेड लाइट जंपिग |
| 13 | एमपी 09 सीवाई 8612 | 11 | रेड लाइट जंपिग |
| 14 | एमपी 09 एफए9037 | 11 | रेड लाइट जंपिग |
| 15 | एमपी 09टीए 8598 | 11 | रेड लाइट जंपिग |
| 16 | एमपी 09टीए9262 | 11 | रेड लाइट जंपिग |
| 17 | एमपी 09WA6161 | 11 | रेड लाइट जंपिग |
| 18 | एमपी 09 जेडजे 3159 | 11 | ट्रिपल राइडिंग |
| 19 | एमपी 09 सीएस6960 | 11 | रेड लाइट जंपिग |
| 20 | एमपी 09 बीसी 5167 | 10 | रेड लाइट जंपिग |
| 21 | एमपी 09 सीएच 3160 | 10 | रेड लाइट जंपिग |
| 22 | एमपी 09 सीटी 9396 | 10 | रेड लाइट जंपिग |
| 23 | एमपी 09 सीएक्स 2866 | 10 | रेड लाइट जंपिग |
| 24 | एमपी 09टी4797 | 10 | रेड लाइट जंपिग |
| 25 | एमपी 09टी6947 | 10 | रेड लाइट जंपिग |
| 26 | एमपी 09टी4892 | 10 | 01 एकतरफा + आरएलवीडी |
| 27 | एमपी 09टीए9497 | 10 | रेड लाइट जंपिग |
| 28 | एमपी 09डब्ल्यूजे 8927 | 10 | रेड लाइट जंपिग |
| 29 | एमपी 09 डब्लूएम 1986 | 10 | रेड लाइट जंपिग |
| 30 | एमपी 09 क्यूजी6814 | 10 | ट्रिपल राइडिंग |
| 31 | एमपी 09 एच 5837 | 10 | रेड लाइट जंपिग |

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में लगातार यातायात नियमों की अवहेलना कर रहे वाहन चालकों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर आशीष सिंह ने गत दिवस सम्पन्न आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये थे कि 10 से अधिक बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के पंजीयन निरस्त किये जाये। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को बार-बार नियम तोड़ने वाले वाहनों के पंजीयन निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। परिवहन विभाग द्वारा 31 वाहन मालिकों को पंजीयन निरस्ती के लिए नोटिस भेज दिये है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कंपनी के माध्यम से आरटीओ कार्यालय को 31 ऐसे वाहनों की सूची प्राप्त हुई है, जिन पर 10 से अधिक बार रेड लाइट जम्प या अन्य प्रकार के गंभीर यातायात उल्लंघन के प्रकरण दर्ज हैं। इन सभी वाहन स्वामियों को आरटीओ द्वारा नोटिस जारी कर सात दिवस में जवाब मांगा गया है। स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो पहले पंजीयन निलंबित और उसके बाद निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा है कि यातायात अनुशासन बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है। बार-बार उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। यह पहल इंदौर को सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था वाला शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# इंदौर-खंडवा ब्रॉडगेज लाइन की अड़चनें होंगी दूर

## सांसद ने की सीएम से मुलाकात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से खंडवा के बीच बहुप्रतीक्षित ब्रॉडगेज रेलवे लाइन प्रोजेक्ट को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। वन विभाग की मंजूरी में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की, उम्मीद है कि अब काम जल्द शुरू हो जाएगा।**



सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि मैंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि रेलवे लाइन का एक हिस्सा वन क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिसकी स्वीकृति अब तक लंबित है। यही कारण है कि परियोजना पर अपेक्षित गति से कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। सांसद ने बताया कि यह रेल मार्ग मालवांचल और दक्षिण भारत के बीच सीधी व बेहतर कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहद अहम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कहा कि राज्य सरकार इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता पर ले रही है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही और आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार के साथ भी समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द अनुमतियां प्राप्त की जाएंगी। लालवानी ने बताया इंदौर-खंडवा ब्रॉडगेज प्रोजेक्ट इंदौर की कनेक्टिविटी को नई दिशा देगा। इससे दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों तक सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे व्यापार, पर्यटन और यात्री सुविधा-तीनों को बल मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि वे स्वयं वन विभाग के प्रमुख सचिव से भी मिल चुके हैं और इस परियोजना की प्रक्रियाओं को शीघ्रता से पूर्ण कराने का अनुरोध किया है। बता दें कि यह रेल परियोजना इंदौर और आसपास के क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी।

## इंदौर-सिवनी पेंचवैली एक्सप्रेस नैनपुर तक चलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** यात्रियों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 19343/19344 इंदौर-सिवनी पेंचवैली एक्सप्रेस का विस्तार अब नैनपुर रेलवे स्टेशन तक किया जा रहा है। यह स्टेशन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के अंतर्गत आता है। रेलवे पीआरओ खेमराज मीना ने जानकारी दी कि गाड़ी संख्या 19343, इंदौर-सिवनी पेंचवैली एक्सप्रेस, 14 जुलाई से इंदौर से नैनपुर तक चलेगी। यह ट्रेन सुबह 6:30 बजे नैनपुर स्टेशन पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 19344, सिवनी-इंदौर पेंचवैली एक्सप्रेस, 15 जुलाई से नैनपुर स्टेशन से रवाना होगी। यह ट्रेन रात 7 बजे (19:00 बजे) नैनपुर से चलेगी।

# एक ही जमीन दो बार बेची, दोनों से वसूले पैसे

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने एक जमीन धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपी पर आरोप है कि उसने करोड़ों की जमीन का सौदा दो अलग-अलग लोगों से कर लिया और दोनों से ही रकम वसूल ली, लेकिन किसी को भी पूरी जमीन या दस्तावेज नहीं दिए।**



क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने नरेंद्र सिसौदिया निवासी बड़ा बागड़दा और सोहनलाल की शिकायत पर सुमित नाहर (पुत्र कैलाश नाहर, निवासी जावरा कंपाउंड) के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता सोहनलाल ने बताया कि उसकी कृषि भूमि ग्राम चिमनखेड़ी (देपालपुर) में स्थित है। उसने यह जमीन 50 लाख रुपए प्रति बीघा के भाव से सुमित नाहर को बेची थी। इसके एवज में सुमित ने पांच चेक दिए, जिनमें से दो क्लियर हो गए, लेकिन बाकी तीन चेक का भुगतान नहीं हुआ। जमीन दो हिस्सों में बेची गई थी। भुगतान के लिए कई बार कहा गया, लेकिन सुमित टालता रहा। बाद में सोहनलाल को जानकारी मिली कि सुमित ने वही जमीन नरेंद्र सिसौदिया को भी बेच दी है और उससे पूरी रकम वसूल कर ली। लेकिन सोहनलाल को पेमेंट नहीं दिया गया और नरेंद्र को रजिस्ट्री भी नहीं कराई गई। जब सोहनलाल ने नरेंद्र से बात की तो उन्होंने बताया कि जमीन के दस्तावेजों में उनका नाम दर्ज है और यह जमीन उन्होंने सुमित से खरीदी है। इसके बाद दोनों ने क्राइम ब्रांच को पूरे मामले की शिकायत दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी सुमित नाहर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

# झाबुआ के युवक से था प्रेम संबंध दूरी बनाने पर की खुदकुशी

**इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक आदिवासी युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। जांच में सामने आया कि वह प्रेम प्रसंग में धोखा मिलने से दुखी थी। पुलिस ने प्रेमी राहुल अजनार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।**



2 जुलाई को कमला कटारा नाम की युवती का शव एमवाय अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने बताया कि मौत फांसी से हुई है। पुलिस ने पहचान के लिए परिवार को बुलाया। कमला के पिता थावरिया और मां दुबलीबाई ने शिनाख्त की। कमला की सहेली रिंकू ने बताया कि वह मथुरा कॉलेज में बी. फार्मा की पढ़ाई कर रही थी। उसकी दोस्ती झाबुआ निवासी राहुल अजनार से थी। दोनों पिछले 6 साल से एक-दूसरे के संपर्क में थे और उनके बीच संबंध भी थे। कुछ समय पहले राहुल ने कमला से दूरी बना ली और किसी दूसरी लड़की से बात करने लगा। यह बात कमला ने अपनी बहन और सहेली को बताई थी। उसने कहा था कि वह राहुल के बिना नहीं रह सकती। इसी दौरान राहुल ने उसे सुसाइड के लिए उकसाया। इससे आहत होकर कमला ने फांसी लगा ली। पुलिस ने जांच के बाद राहुल को आरोपी बनाते हुए केस दर्ज कर लिया है।

## मप्र में 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 40 हजार बैंककर्मियों ने की हड़ताल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में बुधवार को अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। करीब 40 हजार बैंककर्मी हड़ताल पर रहें। इससे प्रदेश की करीब साढ़े 8 हजार शाखाओं में कामकाज पर असर रहा। बैंककर्मियों का कहना है कि जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ और बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों की मांगों को लेकर यह हड़ताल है। भोपाल में गवर्मेंट प्रेस के पास बैंककर्मी एकजुट होकर मांगों के निराकरण की मांग की है। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने बैंककर्मियों को संबोधित भी किया। दरअसल ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया ने केंद्रीय श्रमिक संगठनों की मांगों का समर्थन करते हुए बैंकिंग उद्योग एवं बैंककर्मियों की मांगों को लेकर अखिल भारतीय बैंक बुधवार को हड़ताल का आह्वान किया था। ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता वीके शर्मा ने बताया कि केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र ट्रेड यूनियंस ने केंद्र सरकार की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ, अपनी 17 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए यह राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया। जिसमें पूरे मध्यप्रदेश के बैंककर्मी भी शामिल हैं। भोपाल में भी प्रदर्शन किया गया।

## पूर्व विधायक शबनम मौसी पर जेवर छीनने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर, एजेंसी।** पूर्व विधायक शबनम मौसी पर लूटपाट और मारपीट का आरोप लगा है। विवाद का एक वीडियो भी सामने आया है। मंगलवार को हुए विवाद को लेकर अमलाई बाबू चौक निवासी सब्जी व्यापारी राहुल कुमार सोनी ने बुधवार को चचाई थाने में शिकायत की है। हालांकि अभी केस दर्ज नहीं हुआ है।राहुल के मुताबिक, चार महीने पहले मेरे घर में बेटा हुआ है। बधाई देने शबनम मौसी अपने 8 से 10 किन्नर साथियों के साथ मेरे घर आईं। उन्होंने बधाई के रूप में 21 हजार रुपए मांगे। मेरी मां और पत्नी ने 1100 रुपए दिए। इस पर शबनम मौसी ने बद्दुआ देना शुरू कर दिया। मेरी मां से कहा- तेरा पोता नहीं रहेगा। शिकायतकर्ता राहुल के मुताबिक- मेरी पत्नी ने फोन पर मुझे इसकी जानकारी दी। मैं अनूपपुर में था। मैंने इन्हें (शबनम मौसी को) फोन लगाया। रिक्वेस्ट की कि झुमके वापस कर दो, लेकिन उनका कहना था कि बधाई के 21 हजार रुपए दे और ले जा। मैं 21 सौ रुपए देने के लिए रेडी हुआ। मैंने चचाई थाने में शिकायत की है। पुलिस से इन पर कार्रवाई करे और मेरा सामान वापस दिलाए। मामले में शबनम मौसी का कहना है कि राहुल सोनी की 4 साल पहले शादी हुई थी। शादी में हमने बधाई मांगी थी तो 6 माह बाद 11 हजार रुपए की बधाई मिली थी। उसके बाद जब उसे लड़का हुआ तो एक बार फिर बधाई मांगने के लिए गए।

### जिलों में भी होंगे गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम

# प्रदेश की लाड़ली बहनों को 12 जुलाई को मिलेगी राशि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### म.प्र. की तरह जेएनयू में भी अब कुलगुरु के नाम से जाने जायेंगे कुलपति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाडली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ 250 रूपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के एक नवाचार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी अपना लिया है। मध्यप्रदेश की तरह जेएनयू



दिल्ली में भी कुलपति अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे। जेएनयू ने मध्यप्रदेश से प्रेरणा लेकर यह कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को है। इस दिन प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री भी प्रमुखता से शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, गुरुजन एवं साधु संतों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल शहर में (कमला नेहरू स्कूल) सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीआरटीएस हटाने से बड़े ही सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि बीआरटीएस हटाने से हादसों में 51 प्रतिशत और हादसों की वजह से मृत्यु में 70 प्रतिशत तक की कमी आई है। यह मध्यप्रदेश सरकार के जनहित में लिए गए निर्णयों के सुचारू क्रियान्वयन का सुखद परिणाम है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जनवरी 2024 में बीआरटीएस हटाने का निर्णय लिया था।

### निषादराज सम्मेलन होंगे 12 जुलाई को

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मत्स्य पालन के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तियों के समग्र कल्याण एवं सम्मान के लिए निषादराज सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निषादराज जयंती 10 जुलाई को है, परंतु प्रदेश में समन्वित रूप से 12 जुलाई को निषादराज सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में मत्स्य पालन क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की पारिश्रमिक दरों में वृद्धि, बोनस वितरण, उनके विश्राम के लिए जलाशयों के किनारे प्लेटफॉर्म्स की स्थापना के संबंध में प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भोपाल में करीब 5 करोड़ की लागत से आधुनिक केवट प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर की कार चलाते समय मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वाह।** सनावद एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर 47 वर्षीय आशीष व्यास की मंगलवार रात कार चलाते समय मौत हो गई। वे रात करीब 10 बजे सनावद की तरफ जा रहे थे। बड़वाह के मुख्य चौराहे पर उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। आशीष ने कार रोकी और वे स्टेयरिंग पर बेसुध हो गए। आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने तुरंत आशीष को बड़वाह के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें नहीं बचाया





जा सका। घटना की सूचना एक्सिस बैंक के स्टाफ और परिवार को दी गई। बुधवार सुबह बड़वाह सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा। भाजपा नेता जितेंद्र सुराणा ने बताया कि आशीष मूल रूप से इंदौर के रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। उनके आकस्मिक निधन से बैंक स्टाफ, परिचितों और परिजनों में शोक की लहर है।

### महाराजा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में शराब पार्टी

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में महाराजा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में शराब पार्टी हुई। टेक्नीशियन डिपार्टमेंट का कर्मचारी अपने दोस्तों के साथ मंगलवार देर रात ऑफिस में नजर आया। टेबल पर शराब की बोतलें, गिलास और खाने का सामान रखा हुआ था। छात्रों ने इसका वीडियो बना लिया, जो सामने आया है। वीडियो में कर्मचारी आकाश जैन कुछ लोगों के साथ नजर आ रहा है। जिन छात्रों ने वीडियो बनाया, उनका कहना है कि यह शराब पार्टी रात करीब 1 बजे टेक्नीशियन डिपार्टमेंट के ऑफिस में चल रही थी। यहां 18 हजार छात्रों के दस्तावेज रखे हुए हैं। वीडियो में एक व्यक्ति खुद को बसारी गांव का निवासी बता रहा है। ऑफिस के बाहर एक कार भी खड़ी मिली, जिसका नंबर एमपी 07 सीएच 9646 बताया जा रहा है।

# प्रेम विवाह के बाद नवविवाहित बहू लाखों के जेवर और 68 लाख नकद लेकर फरार, तलाश में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** सिविल लाइन थानान्तर्गत प्रेम विवाह कर नवविवाहित द्वारा लाखों के जेवरात और नकदी लेकर फरार होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित ससुर की रिपोर्ट पर आरोपी बहू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी बहू की तलाश कर रही है, परंतु अभी तक उसके संबंध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

सीएसपी ओमनी सोनू कुर्मी से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार चौबे चौबे उम्र 66 वर्ष निवासी साई बाबा मंदिर के सामने राजकुमारी भवन डुप्लेक्स नम्बर 02 ने शिकायत में बताया कि उसके बेटे कार्तिकेय चौबे ने पूजा गुर्जर (चौबे) से नामक युवती से 13 जून को प्रेम विवाह किया था। तभी से बहू और बेटा उसके घर पर रहते थे। कचनार कैसल्य में डुप्लेक्स खरीदने का सौदा उसने किशोर कुकरेजा आदिवासी तिलहरी गोराबाजार से 52 लाख 50 हजार रुपये में किया था। इसके अलावा फर्नीचर की अतिरिक्त राशि 10 लाख रुपये का भुगतान



किया जाना था। जिसकी राशि उसके द्वारा स्वयं की आय से 18 लाख 50 हजार रुपये तथा अन्य रिश्तेदारों से राशि उधार लेकर एकत्रित किया थी। इसके अलावा 15 लाख के जेवरात उसके पूर्वज एवं स्वयं के विवाह के समय के थे। उसने जेवरात और रकम अपनी बहु पूजा गुर्जर (चौबे) को सुरक्षित घर में रखने के लिए दी थी। बहू ने जेवराम और रकम अपने कमरे में पलंग में बने बॉक्स में रख दी थी। उसे रुपयों कि आवश्यकता पड़ी तो लड़के कार्तिकेय चौबे के साथ ऊपर के कमरे में जाकर पलंग के बॉक्स को खोला तो रुपये एवं जेवरात गायब थे।

अपनी पत्नी वीना चौबे एवं लड़के कार्तिकय चौबे से पूछा तो उन्होंने रुपये पैसे एवं जेवर के संबंध में कोई जानकारी होने की बात कही। उसकी बहू विगत 21 जुलाई को घर से चली गयी थी। बहू अपने से कुल राशि 68 लाख 50 हजार रुपये नकद और घर में रखे जेवर ले गई है। पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने पूजा गुर्जर चौबे के विरुद्ध धारा 316(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है। अभी तक आरोपी नवविवाहित बहू के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### हथिनी वत्सला के निधन पर व्यक्त कीं संवेदनाएं

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना टाइगर रिजर्व की सबसे उम्रदराज हथिनी 'वत्सला' के निधन पर गहन शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि 'वत्सला' मध्यप्रदेश के जंगलों की मूक संरक्षक, पीढ़ियों की सखी और हमारी संवेदनाओं की प्रतीक थी। जिसने हाथी दल का नेतृत्व किया और नानी-दादी बनकर हाथियों के बच्चों की स्नेह से देखभाल भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'वत्सला' को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि टाइगर रिजर्व में हाथी दल की प्रिय सदस्य के 100 वर्षों के साथ पर विराम लगा है, भले ही अब वो हमारे बीच नहीं है, लेकिन वत्सला की स्मृतियां हमारे मन में सदैव जीवंत रहेंगी।

## जिलों में चलेगा 'जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश के 100 ऐसे जिले जहां अधिक संख्या में घातक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, उन्हें 'सेफ लाईफ फाउण्डेशन' के सर्वे के माध्यम से चिन्हित किया है। देश के चिन्हित इन 100 जिलों में मध्यप्रदेश के 6 जिले चिन्हित किये गये हैं। ये जिले धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर एवं खरगोन हैं। धार जिले में वर्ष 2023 के आकलन अनुसार सबसे अधिक घातक सड़क दुर्घटनाएं हुई है। इन सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा 'जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम' के तहत सभी जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को चिन्हित करते हुए योजना तैयार की जाये। इसके बाद आवश्यक कार्य किए जाएं जिससे इन सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

## संपादकीय

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से बढ़ी बीजेपी की टेंशन

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) ने एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतर चुका है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आरोप लगाया है कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लाभ पहुंचाने के लिए यह कवायद हो रही है। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने इस आरोप का खंडन किया है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। इस पूरी कवायद के बीच बीजेपी की टेंशन बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पार्टी के आंतरिक चुनाव-पूर्व सर्वेक्षण टीमों को कथित तौर पर जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। इसके पीछे वजह है कि लोगों को चिंता है कि एसआईआर के तहत उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार पार्टी की टेलीफोन-आधारित सर्वेक्षण टीम के एक सदस्य ने कहा कि SIR ने हमें गलत रास्ते पर धकेलना शुरू कर दिया है। जब भी हम मतदाताओं से फ़ोन पर बात करके यह जानना चाहते हैं कि वे बीजेपी से क्या उम्मीद करते हैं और वे बीजेपी को उनके सपने साकार करने में कैसे मदद कर सकते हैं, तो अधिकतर लोग SIR और बीजेपी के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार हाजीपुर के रमेश कुमार ने दावा किया कि जब मुझे बीजेपी की टेली-सर्वे टीम से यह फोन आया कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की कैसे मदद करूंगा, तो मेरा गुस्सा और बढ़ गया क्योंकि मेरे परिवार के कई सदस्यों को मतदाता सूची में बने रहने के लिए दस्तावेज जमा करने के लिए पर्चियां मिली थीं। हमारे नाम दो दशकों से भी ज़्यादा समय से मतदाता सूची में हैं, और अब बीजेरी के इशारे पर SIR कर रहा चुनाव आयोग मुझसे मेरी नागरिकता का प्रमाण मांग रहा है। सर्वेक्षण दल के एक अन्य सदस्य ने बताया कि चल रही एसआईआर प्रक्रिया के कारण, बीजेपी से अपनी राय और अपेक्षाएं जानने के लिए संपर्क किए गए 10 में से 6-7 लोगों ने पार्टी के प्रति अपनी भड़ास खुलकर निकाली। चुनाव से पहले यह पार्टी के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। निर्वाचन आयोग ने 24 जून को बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं का घर-घर जाकर सत्यापन शुरू करने के लिए एक अधिसूचना जारी की। इस प्रक्रिया के अनुसार, राज्य के सभी मतदाताओं को अपने नाम, पते और फोटो के साथ प्रपत्रों की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने होंगे और उन्हें नए फोटोग्राफ और निवास के वैध प्रमाण के साथ वापस भेजना होगा। हालांकि, जिन लोगों के नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं थे, उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत अतिरिक्त दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे।

### अर्ज किया है..!

*एक रात, एक बात लिखूंगा,*
*ख़ुद को दाग़, तुझे साफ़ लिखूंगा ॥*
*हकीकत में तू कभी मिलेगा नहीं,*
*एक किताब में अपनी मुलाकात लिखूंगा ॥*

-इक़बाल अज़ीम

## OSHO कहिन

**सुनने की कला आ जाए तो गुरू चारों तरफ है। और सुनने की कला न आए तो सभी सिद्ध-पुरुष तुम्हारे सामने बैठे हों, तो भी गुरू नहीं हैं। गुरू होता है उसी क्षण जब तुम सुनने में समर्थ हो गए।**



## धर्म-कर्म

# आज गुरु पूर्णिमा पर बने शुभ योग

## इन 5 उपायों से मिलेगा अपार धन संपत्ति का सुख



आज गुरुवार का दिन कई मायनों में बेहद खास है। दरअसल, इस गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व है। साथ ही आज एक साथ कई शुभ योग भी बन रहे हैं। आज एक साथ तीन राजयोग का बेहद दुर्लभ और अद्भुत संयोग बना हुआ है। आज 12 साल बाद एक साथ गुरु और सूर्य की मिथुन राशि में युति बनने से गुरु आदित्य राजयोग बना है। वहीं, इस समय शुक्र अपनी स्वराशि वृषभ में गोचर कर रहे हैं जिससे मालव्य राजयोग बना है। साथ ही गुरु की चंद्रमा पर शुभ दृष्टि होने से गजकेसरी राजयोग का निर्माण हुआ है। ऐसे में आज आप कोई भी उपाय करेंगे उसका दोगुना फल आपको मिलेगा। गुरु पूर्णिमा के दिन आप इन उपाय को करने से लाभ और सफलता हासिल कर पाएंगे।

### दूध में केसर मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें

आज गुरुवार के दिन भगवान शिव का अभिषेक करें। आज ग्रहों का अद्भुत योग बना है तो आप किसी भी समय भगवान शिव का अभिषेक कर सकते हैं। साथ ही आज दूध में केसर मिलाकर खीर बनाकर भगवान शिव को भोग लगाएं।

### चने की दाल कम से कम 108 दाने लेकर ओम नमः शिवाय बोलते हुए शिवलिंग का अभिषेक करें

आज गुरुवार के दिन चने की दाल के कम से कम 108 दाने लेकर उन्हें एक एक करके शिवलिंग पर ओम नमः शिवाय बोलते हुए अर्पित करें। ऐसा करने से आपको भगवान शिव के साथ साथ भगवान विष्णु का आशीर्वाद भी मिलता है। साथ ही इन राशि के लोगों को धन संपत्ति का सुख भी मिलेगा।

### खीर में केसर मिलाकर भगवान विष्णु को भोग लगाएं

आज केसर डालकर खीर बनाएं और भगवान विष्णु को भोग लगाएं और साथ ही ब्राह्मणों को भोजन कराएं। ऐसे करने से आपको पितरों का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही व्यक्ति की सारी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है।

### दूध में हल्दी डालकर अपने गुरु या पिता को दें

आज गुरु पूर्णिमा पर ग्रहों का बेहद ही शुभ योग है। ऐसे में दूध में हल्दी डालकर अपने गुरु को या अपने पिता को दें इसके बाद पैर छूकर उनका आशीर्वाद लें।

### काली हल्दी की गांठ भगवान विष्णु को अर्पित करें

आज काली हल्दी की पांच गांठ लेकर भगवान विष्णु को अर्पित करें। अगले दिन ओम नमोः भगवते वासुदेवाय बोलते हुए अगले दिन पीले कपड़े में बांध कर अपने धन स्थान पर रखें। ऐसा करने से आपके जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है। साथ ही व्यक्ति की सारी आर्थिक परेशानियां भी दूर होती है।

New Delhi

# पांच देशों की यात्रा के बाद भारत लौटे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा के बाद वापस लौट आए हैं। उनका विमान गुरुवार सुबह पालम एयरपोर्ट पर उतरा। पीएम मोदी ने अपने आठ दिवसीय दौरे के दौरान घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया सहित पांच देशों की यात्रा की। उन्होंने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया।

पीएम नरेंद्र मोदी दो जुलाई को सबसे पहले घाना पहुंचे। यहां पीएम मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने घाना की संसद को संबोधित किया। बता दें कि तीन दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने घाना का दौरा किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना की सफल यात्रा के बाद कैरेबियन देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो पहुंचे। देश की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को त्रिनिदाद और टोबैगो का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' प्रदान किया। उन्होंने यहां संसद को संबोधित किया। भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बीच छह अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और त्रिनिदाद एंड टोबैगो की पीएम कमला प्रसाद बिसेसर के बीच हुई मुलाकात के बाद दोनों देश बुनियादी ढांचे के विकास, फार्मास्यूटिकल और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विदेश दौरे के तीसरे चरण में दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना पहुंचे। पीएम मोदी ने इस देश में राष्ट्रपति माइली और कई फुटबॉल खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने राजधानी ब्यूनस आयर्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

New Delhi

## देशभर में भारी बारिश, कई नदियां उफनीं; त्रिपुरा में बाढ़...सैकड़ों बेघर, वाराणसी में कई घाट डूबे



**नई दिल्ली/वाराणसी/नागपुर, (एजेंसी)** देशभर में हो रही मूसलाधार बारिश से कई नदियां उफान पर हैं। यूपी के वाराणसी और प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वाराणसी में मणिकर्णिका समेत कई घाट डूब गए गए हैं। नागपुर में मूसलाधार बारिश के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई, एक व्यक्ति पानी की तेज धार में बह गया है और 71 गांव जलमग्न हो गए। दक्षिण त्रिपुरा में भी बारिश ने कहर बरपाया है और 100 से अधिक परिवार बेघर हो गए हैं।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के अनुसार, देश भर में कई नदियां 17 स्थानों पर चेतावनी के स्तर या उससे ऊपर बह रही हैं। इनमें से चार जगहों पर नदियों का पानी खतरे के निशान को पार कर गया है। ये नदियां असम, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में फैली हैं। वाराणसी में गंगा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। अब तक कई घाट डूब गए हैं। मणिकर्णिका घाट के पास एक मंदिर भी जल में समा गया है। प्रयागराज में भी राम घाट जलमग्न हो गया है। मौसम विभाग ने देशभर में 14 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना जताई है जिससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर होने की आशंका है।

प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार को बारिश से पारे में गिरावट आई है। किश्तवाड़ जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर बादल फटने से नदी-नालों में उफान आ गया।

Uttarpradesh

## 'पांडे जी, पांडे जी...' कहकर आवाज लगाई, जैसे ही बाहर आई पत्नी, रेत दिया गला!

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ के गाजीपुर थाना इलाके में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां AC ठीक करने के बहाने अफसर के घर में घुसे दो युवकों ने उनकी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, फिर लूटपाट कर मौके से फरार हो गए. फिलहाल, पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. बदमाशों की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं.

जानकारी के मुताबिक, बुधवार दोपहर दो युवक हरीश पांडे के घर एसी ठीक करने के बहाने पहुंचे थे. हरीश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में अंडर सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत हैं. युवकों ने घर के बाहर 'पांडे जी, पांडे जी' कहकर आवाज लगाई. ये सुनकर हरीश की पत्नी शशि पांडे बाहर आ गईं.

युवकों ने शशि पांडे से कहा कि उन्हें AC रिपेयरिंग के लिए भेजा गया है. चूंकि, AC में कोई दिक्कत नहीं थी, इसलिए शशि ने उन्हें मना कर दिया और घर में एंट्री नहीं दी. जिसपर दोनों युवक जबरन घर में घुसने की कोशिश करने लगे.


New Delhi

## दिल्ली-NCR में भूकंप के तेज झटके 10 सेकंड तक हिलती रही धरती, लोग घरों-दफ्तरों से निकलकर भागे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार सुबह बारिश के बीच भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. भूकंप के झटके करीब 10 सेकंड तक महसूस किए गए.

भूकंप के झटके सुबह 9.04 बजे महसूस किए गए. ये झटके दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, हिसार और सोनीपत में भी महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र हरियाणा का झज्जर बताया जा रहा है. रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.4 रही. भूकंप के झटकों से डरकर लोग घरों और दफ्तरों से निकलकर बाहर भागे.

दिल्ली पुलिस ने बताया कि आज सुबह दिल्ली-एनसीआर में आए भूकंप में अभी तक किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है. हम



सभी दिल्लीवासियों की कुशलता की कामना करते हैं.

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट कर सभी के सुरक्षित होने की उम्मीद की. उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि भूकंप के बाद सभी सुरक्षित होंगे.

खेल

# लॉर्ड्स में बुमराह का खेलना तय, कुलदीप को मिला मौका तो कौन होगा बाहर?

**लंदन, (एजेंसी)** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर गुरुवार से खेला जाएगा। इस टेस्ट में जीत हासिल कर भारतीय टीम इंग्लैंड पर 2-1 की बढ़त लेने की कोशिश करेगी। लीड्स में इंग्लैंड ने पांच विकेट से जीत हासिल की थी, जबकि एजबेस्टन में टीम इंडिया ने 336 रन से जीत हासिल कर इतिहास रचा था। तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में एक बदलाव होना तय है। जसप्रीत बुमराह की वापसी हो सकती है। वहीं, टीम मैनेजमेंट को यह भी विचार करना है कि कुलदीप यादव को मौका दिया जाए या नहीं। तीसरा टेस्ट मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 पर शुरू होगा।



बुमराह की वापसी से मेजबान टीम के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा होगी। भारत भले ही लीड्स में हार गया था, लेकिन अब तक दोनों मैच में अधिकतर समय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा। अगर भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में कुछ कैच नहीं छोड़े होते और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो टीम इंडिया सीरीज में 2-0 से आगे होती। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम की अनुभवहीनता को देखते हुए लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम उस पर हावी रहेगी, लेकिन अभी तक जिस तरह से भारत ने प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए टीम को अब तक रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी नहीं खली। इससे भारत की मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का भी पता चलता है।

गिल एंड कंपनी द्वारा बनाए गए रनों के पहाड़ ने बेन स्टोक्स की सपाट पिच तैयार करके विपक्षी टीम को मुकाबले से बाहर करने की रणनीति पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया। सपाट पिचों पर भारतीय बल्लेबाजों की जबरदस्त सफलता मेजबान टीम के लिए नुकसानदेह साबित हुई है। अब उन्हें ऐसे विकेट पर खेलना पड़ सकता है जिस पर अच्छी सीम और स्विंग मूवमेंट की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा, प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में ढलान की अनोखी चुनौती भी है।

भारतीय टीम के बल्लेबाज अभी तक अच्छे फॉर्म में दिखे हैं। हालांकि, नंबर तीन को लेकर परेशानी अभी तक जारी है। पहले टेस्ट में साई सुदर्शन कुछ खास नहीं दिखे, जिसके बाद उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए बाहर किया गया। दूसरे टेस्ट में करुण नायर को तीसरे नंबर पर अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन वह इसे बड़ी पारी में नहीं बदल सके। वह बाउंस होती गेंदों के सामने थोड़े असहज दिखे हैं। हालांकि, उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए भी जारी रखा जा सकता है। टीम मैनेजमेंट विनिंग कॉम्बिनेशन में ज्यादा छेड़छाड़ की कोशिश नहीं करेगा।

**भारत की संभावित प्लेइंग-11 :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर,

सिनेमा

## सैफ अली खान होटल विवाद: मुंबई कोर्ट में पेश हुईं मलाइका अरोड़ा, जज ने गवाह के तौर पर नाम हटाया



मुंबई की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान से जुड़े 2012 के होटल विवाद मामले में अभियोजन (प्रॉसिक्यूटर) की गवाह और एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के खिलाफ जारी जमानती वारंट बुधवार को रद्द कर दिया। इसी के साथ एक्ट्रेस का नाम गवाह के तौर पर भी हटा दिया गया है। मलाइका के खिलाफ ये जमानती वारंट इसलिए जारी किया गया था क्योंकि वो केस की पिछली सुनवाई पर नहीं पहुंची थीं। बुधवार को जब मलाइका केस की सुनवाई के लिए पहुंचीं तो कोर्ट ने जमानती वारंट हटा दिया है। यह मामला साल 2012 का है जब सैफ अली खान और उनके दोस्तों ने कथित तौर पर एक बिजनेसमैन को धमकाया और उनकी नाक पर मुक्का मार दिया था। ये घटना ताज होटल में हुई थी। उस दौरान सैफ अली खान के साथ उनकी पत्नी करीना कपूर, करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा समेत कुछ और दोस्त मौजूद थे। बिजनेसमैन इकबाल मीर शर्मा ने दावा किया था कि सैफ अली खान और उनके दोस्तों ने उनके ससुर के साथ भी मारपीट की थी। दक्षिण अफ्रीकी नागरिक और एनआरआई इकबाल मीर शर्मा ने कोलाबा पुलिस स्टेशन में सैफ अली खान, अमृता के पति शकील लदाक और उनके दोस्त बिलाल अमरोही के खिलाफ शिकायत पर एफआईआर दर्ज करवाई थी।

## Highlights

1. Bihar SIR form submissions near 50% mark: EC
2. MP HC denies bail to cartoonist for caricature on RSS & PM Modi
3. Delhi-bound IndiGo flight makes emergency landing in Patna after bird hit
4. PM Modi welcomed with 'Ram Bhajan' at Brazil's Presidential Palace
5. Delhi CM hears public grievances at her office, Jan Sewa Sadan

# SBI classifies Anil Ambani-led Reliance Communications' loan account as 'fraud'. What does it mean?

**NEW DELHI, (Agency).** The State Bank of India (SBI) has classified the loan account of Anil Ambani's Reliance Communications (RCom) as 'fraud', the bankrupt telecom company claimed.

RCom filed a securities filing on Tuesday, disclosing the move of India's biggest lender. Last year, state-run Canara Bank also tagged the RCom loan account as 'fraud', a decision that the Bombay high court stayed.

Reliance Communications is part of the group led by Anil Ambani, the brother of India's richest person, Mukesh Ambani, who chairs the oil-to-telecoms conglomerate Reliance Industries. According to Reuters, Reliance Communications disclosed in April that as of March 2025, it had a total debt of ₹40,400 crore.

What does SBI tagging Anil Ambani's Reliance Communications loan account as 'fraud' mean?

Under Indian banking laws, once an account is reported as fraudulent, it is referred to



enforcement agencies for criminal action, and the borrower is barred from securing any more finance from banks and other regulated financial institutions for an initial period of five years.

The SBI classified the Reliance Communications loan account as 'fraud' after finding alleged diversion of loan funds in transactions dating back to 2026.

The SBI said it gave Anil Ambani and the company several chances in the past two years to respond to the allegations of fraud in loans taken out in 2016 from Indian banks that were subsequently classified as bad or non-performing, but found their replies "insufficient".

SBI's letter also said it would report Anil Ambani to the Reserve Bank of India, in compliance with Indian banking regulations. Ambani was a director of Reliance Communications, which is currently undergoing insolvency proceedings.

In the filing, Reliance Communications said that the insolvency proceedings protect it from orders by any other authority or court of law.

"Legal advice is being sought on the way forward with respect to this development," the company said.

# Students using ChatGPT show less critical thinking: Study

**NEW DELHI, (Agency).** When Jocelyn Leitzinger had her university students write about times in their lives they had witnessed discrimination, she noticed that a woman named Sally was the victim in many of the stories.

"It was very clear that ChatGPT had decided this is a common woman's name," said Leitzinger, who teaches an undergraduate class on business and society at the University of Illinois in Chicago.

"They weren't even coming up with their own anecdotal stories about their own lives," she told AFP.

Leitzinger estimated that around half of her 180 students used ChatGPT inappropriately at



some point last semester -- including when writing about the ethics of artificial intelligence (AI), which she called both "ironic" and "mind-boggling".

So she was not surprised by recent research, which suggested that students who use ChatGPT to write essays engage in less critical thinking.

The preprint study, which has not been peer-reviewed, was shared widely online and clearly struck a chord with some frustrated educators.

The team of MIT researchers behind the paper have received more than 3,000 emails from teachers of all stripes since it was published online last month, lead author Nataliya Kosmyna told AFP.

'Soulless' AI essays

For the small study, 54 adult students from the greater Boston area were split into three groups. One group used ChatGPT to write 20-minute essays, one used a search engine, and the final group had to make do with only their brains.

The researchers used EEG devices to measure the brain activity of the students, and two teachers marked the essays.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित
करने में अपना योगदान दीजिये ।

हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!

हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!

हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान
के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!

'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और
सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े ।

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक